No. of Printed Pages : 7 **OSEI-003**

00632

CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT

Term-End Examination

June, 2010

OSEI-003 : CONTROLLING AND MONITORING

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

---

1. (a) निम्नलिखित वाक्यों का ***सही*** या ***गलत*** का उत्तर दीजिए : **10x1=10**

(i) सुरक्षा कर्मी को प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (FIR) मालिक के नाम दर्ज करवानी चाहिये। ( )

(ii) वह बल जिसका प्रयोग करने से किसी व्यक्ति की चाल में बदलाव आ जाता है, उसे बल प्रयोग कहते है। ( )

(iii) दुर्घटना रिपोर्ट फार्म पर सुरक्षा निरीक्षक (Security supervisor) के हस्ताक्षर होते हैं। ( )

(iv) समूह में सिखलाई संवाद कौशल बढाने का प्रभावी तरीका है। ( )

(v) संचार प्रक्रिया दो प्रकार की होती है। ( )

(vi) स्प्रिंकलर के लिये पानी का इस्तेमाल करने हेतु प्रैशर टैंक इमारत के ऊपर बनाया जाता है। ( )

(vii) सामान्यतया ऐलिवेटेड टैंक मकान के प्रथम तल पर बनाये जाते हैं। ( )

(viii) फुव्वारे (sprinklers) आग लगने पर तुरंत अपने आप आग बुझाना शुरु कर देते हैं। ( )

(ix) हीट डिटेक्टर, आग लगने से जब तापमान बढ़ता है तो कार्य करना शुरू करते हैं। ( )

(x) जीवमित्तीय आवागमन प्रणाली में मानव उंगलियों का प्रयोग आवागमन नियन्त्रण करने के लिये प्रयोग किया जा सकता है। ( )

(b) खाली स्थानों की पूर्ति करो : **10x1=10**

(i) सुरक्षा कर्मी के पास कम से कम __________ जोड़ी वर्दी होनी चाहिये।

(ii) जब कोई व्यक्ति अतिक्रमण करने के इरादे से अपने बनाये रास्ते से घुसता है उसे __________ कहते हैं।

(iii) चोट के कारण शरीर का कोई भाग या जोड़ अभाव ग्रस्त हो जाता है उसे __________ कहते हैं।

(iv) कत्ल (Murder) की व्याख्या भारतीय दण्ड संहिता की धारा __________ में वर्णित की गई है।

(v) कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से कामवासना की पूर्ति के लिये आदमी, औरत या पशु के साथ प्रकृति के विरुद्ध सम्भोग करता है, वह __________ कहलाता है।

(vi) टोपी या पगड़ी पर कम्पनी की पहचान के लिये __________ लगाया जाता है।

(vii) सुरक्षा कर्मी की ड्रेस में __________ रंग के जूते पहने जाते हैं।

(viii) टेलीफोन लौग फार्म पर उपस्थित __________ के हस्ताक्षर करवाये जाते हैं।

(ix) हमेशा कॉल प्राप्त करने वाले को चाहिये कि वह कॉल के अन्त में कॉल करने के लिये __________ करना न भूले।

(x) जब कोई अवैध तरीके से सार्वजनिक या निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाता है, उसे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 425 के अनुसार __________ कहते हैं।

(c) नीचे दिये उत्तरों में से ***सही*** पर निशान लगाओ : **4x1=4**

(i) ऐसा कार्य जिसमें इरादे के साथ किसी की मौत करना या इरादतन शरीर को कोई ऐसी चोट पहुंचाना जिससे मौत हो सकती है या ऐसे कार्य की जानकारी होना जिसके करने से मौत हो सकती है, इसे भारतीय दण्ड संहिता में निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?

(A) कत्ल

(B) अपराधिक नर हत्या

(C) गहरी चोट पहुंचाना

(D) इनमें से कोई नहीं

(ii) अगर कोई किसी को बलपूर्वक या धोखे से जाने के लिये मजबूर या प्रेरित करता है उसे क्या कहते हैं ?

(A) अपहरण।

(B) अपराधिक बल प्रयोग।

(C) व्यपहरण।

(D) अप्राकृतिक अपराध।

(iii) सुरक्षा को पुख्ता करने के लिये जीव या मानव के अंगों पर आधारीत प्रणाली निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?

(A) ज्योमितीय प्रणाली।

(B) जीवमितीय प्रणाली।

(C) प्रौद्योगिक प्रणाली।

(D) इनमें से कोई नहीं।

(iv) ऐसा यन्त्र जिसमें एक या एक से अधिक सेन्सर लगे हों और वह वातावरण के भौतिक व रासायनिक परिवर्तनों को महसूस करता हो उसे डिटेक्टर कहते हैं। डिटेक्टर निम्न में से कौन-कौन से कार्य करता है?

(A) जन जीवन बचाने का।

(B) उपयोगी संम्पत्ति व परिसम्पत्ति बचाने का।

(C) आवश्यक व महंगे सामान बचाने का।

(D) उपरोक्त सभी कार्य।

(d) स्तम्भ '**क**' को स्तम्भ '**ख**' के साथ मिलान करो : **4x1=4**

	'**क**' स्तम्भ		'**ख**' स्तम्भ
(i)	प्रणाली प्रौद्योगिकी	(A)	न्यूमेटिक डिटेक्टर।
(ii)	गैसों का प्रसार	(B)	अभिगम नियन्त्रण।
(iii)	अच्छा संवाद कौशल	(C)	आग बुझाने की स्वचालित प्रणाली।
(iv)	स्प्रिंकलर्स हैड	(D)	शारीरिक भाषा।

2. (a) ***किन्हीं पाँच*** पर संक्षेप टिप्पणी करें : 5x6=30

(i) समय की पांबन्दी। 6

(ii) आयोनाईजेशन डिटेक्टर। 6

(iii) फुव्वारे के लिये पानी की व्यवस्था। 6

(iv) सुरक्षा आडिट। 6

(v) सुरक्षा प्रणाली के प्रकार। 6

(vi) आग बुझाने की वैट पॉइप प्रणाली के उपयोग। 6

(vii) हीट डिटेक्टर के प्रकार तथा वे किस सिद्धांत पर कार्य करते हैं ? 6

(b) ***किन्हीं दो*** पर नोट लिखें : 2x6=12

(i) प्राथमिक सूचना दर्ज करना। 6

(ii) अच्छे संवाद कौशल के लाभ। 6

(iii) स्प्रिंकलर हैड व उनके प्रकार। 6

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** का उत्तर दिजिए :

(a) एक कार्य कुशल सुरक्षाकर्मी के गुणों का वर्णन करो। 10

(b) टेलीफोन लौग का खाका तैयार करो तथा उदाहरण के लौग फार्म में एक प्रविष्टी दर्ज करो। 10

(c) निगरानी प्रणाली से आप क्या समझते हो ? इसके विभिन्न हिस्सों के नाम लिखो तथा बन्द परिपथ टेलीविजन की कार्य प्रणाली की उपयोगिता के बारे में बताएं। 10

(d) सुरक्षा कर्मी को कम्पनी व अपने विभाग का उच्च स्तर बनाये रखने के लिये "सुरक्षा की आचार संहिता" के बारे में बतायें। **10**

(e) जीवमितीय प्रणाली से आपका क्या तात्पर्य है? इस पर आधारित कितनी प्रणालीयां हैं? किन्हीं तीन का वर्णन करों। **10**